(12)

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

संख्या–जी– 3792/जी0एस0

दिनांक 24 सितम्बर, 2020

विधिक सलाहकार/अपर विधिक सलाहकार
विशेष सचिव/वित्त नियंत्रक
विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा)/(आई0टी0)
परिसहाय/मुख्य सुरक्षा अधिकारी

राज्यपाल सचिवालय में विभिन्न अभिलेखों के स्थायी रख–रखाव तथा विनष्टीकरण के बारे मे विस्तृत दिशा निर्देश कार्यालय ज्ञाप संख्या–जी–2617/जी0एस0, दिनांक 18–7–2006 के माध्यम से निर्गत किये गये थे। सुलभ संदर्भ हेतु पूर्व पारित निर्देश की प्रति संलग्न है। कृपया इसका अध्ययन कर लें और निम्न बिन्दुओं पर अपना मंतव्य 02 दिन के अन्दर प्रस्तुत करने का कष्ट करें:–

1– संलग्नक में वर्णित विभिन्न प्रकार के अभिलेखों में क्या ऐसे अभिलेख भी हैं जिनका अब अस्तित्व समाप्त हो गया है। इन्हें अभी भी अलग से वर्गीकृत किया जाये या वर्गीकरण से हटा दिया जाये।

2– संलग्नक में वर्गीकृत अभिलेखों में सम्भव है कि कुछ अभिलेख ऐसे होंगे जो उस समय प्रचलित नहीं थे और अब प्रकट हो रहे हैं, ऐसे अभिलेखों को सूचीबद्ध कर दिया जाये और ऐसे अभिलेखों को अलग से वर्गीकृत कर दिया जाये और उनके बारे में समुचित व्यवस्था कर दी जाये।

3– कतिपय वर्गीकरण एवं समय व्यवस्था ऐसी अंकित है जिन्हें अतिरिक्त परिभाषित/स्पष्ट करने की आवश्यकता है, उन्हें भी देख लिया जाये और उन्हें किस प्रकार वर्गीकृत या परिभाषित किया जाना है, उसको स्पष्ट कर दिया जाये।

संलग्नः– यथोपरि

(महेश कुमार गुप्ता)
अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल

का/5